an>

Title: Need to ensure adequate supply of power in Bulandshahr Parliamentary Constituency.

श्री भोला सिंह (बुलंदशहर) : मैं सरकार का ध्यान अपने लोक सभा क्षेत्र बुलंदशहर (उ.पू.) की ओर दिलाना चाहता हूं। बुलंदशहर लोक सभा क्षेत्र दिल्ली से मात्र 70-80 किमी. दूर है। यहां पर नरौरा में एक परमाणु बिजली उत्पादन केन्द्र है। जिसमें 220 मेगावाट के दो यूनिट कार्यरत है। मैं बताना चाहता हूं कि बुलंदशहर बहुत ही पिछड़ा हुआ क्षेत्र है। यहां पर बिजली उत्पादन केन्द्र होने के बावजूद बिजली की सप्लाई 4 से 8 घंटे ही है। मैं सरकार से अनुरोध करना चाहता हूं कि बुलंदशहर को कम से कम 20-22 घंटे बिजली की सप्लाई कराई जाए, जिससे किसानों के साथ-साथ इस क्षेत्र के लोगों को राहत मिल सके। क्योंकि बिजली न होने से क्षेत्र के किसान और जनता लगातार आंदोलन कर रहे हैं।